<u>शीर्ष प्राथमिकता/समयबद्ध</u>

<u>संख्या-1//2017/1/15/2017-का-4-2017</u>

प्रेषक,

राहुल भटनागर,
मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव,
उ0प्र0 शासन।

कार्मिक अनुभाग-4 लखनऊ : दिनांक : 21 मार्च, 2017

विषय:- समूह 'क' एवं समूह 'ख' के रिक्त पदों पर चयन हेतु लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद को प्रेषित अधियाचनों (चयन लम्बित) की सूचना उपलब्ध कराने के संबंध में।

महोदय,

लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद को समूह 'क' एवं समूह 'ख' के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु प्रेषित अधियाचनों, जिन पर अभी भी चयन लम्बित है, के संबंध में समूहवार सूचना प्राप्त किये जाने का शासन द्वारा निर्णय लिया गया है।

2. उपरोक्तानुसार सूचना प्राप्त किये जाने हेतु प्रारूप संलग्न कर प्रेषित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया संलग्न प्रारूप पर वांछित सूचना कार्मिक अनुभाग-4 को दिनांक 30.03.2017 तक निश्चित रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

<u>संलग्नक:-यथोपरि।</u>

भवदीय,

राहुल भटनागर
मुख्य सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद को प्रेषित (चयन लम्बित) अधियाचनों का संक्षिप्त विवरण

विभाग का नाम-

क्र. सं.	समूह	पदनाम	अधियाचित रिक्तियों की संख्या	अधियाचन प्रेषित किये जाने की तिथि	अभ्युक्ति
1.	'क'				
2.	'ख'				

अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/
सचिव के हस्ताक्षर.....

http://Shasanadesh.up.nic.in